इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 31] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 2 अगस्त 2024—श्रावण 11, शक 1946

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 11 जुलाई 2024

क्र. 1004-2030-2018-एक-10.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, माननीय न्यायमूर्ति, श्री सुशील कुमार पालो, उप लोकायुक्त, भोपाल को दिनांक 8 से 12 जुलाई 2024 तक, कुल पाँच दिवस के अर्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजय कटेसरिया, उपसचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 23 जुलाई 2024

पंजी. क्र. 2038-2024-इक्कीस-ब (दो).—राज्य शासन, एतद्द्वारा, जिला हरदा में विभागीय आदेश दिनांक 23 जुलाई 2013 द्वारा नियुक्त नोटरी श्री विनोद कुमार सराफ का निधन होने के कारण उक्त नोटरी का नाम शासन द्वारा संधारित नोटरी पंजी से विलोपित करता है.

भोपाल, दिनांक 24 जुलाई 2024

पंजी. क्र. 2040-2024-इक्कीस-ब (दो).—राज्य शासन, एतद्द्वारा, तहसील सेंधवा, जिला बड़वानी में विभागीय आदेश दिनांक 2 फरवरी 2009 द्वारा नियुक्त नोटरी, श्री श्रवण चौहान जिनका कार्यकाल समय-

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2024.

समय पर नवीनीकरण करने के बाद 1 फरवरी 2024 तक बढ़ाया गया था. उक्त अवधि के पूर्व नवीनीकरण का आवेदन निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत न करने एवं आगे नोटरी व्यवसाय चालू नहीं रखने के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बड़वानी एवं स्वयं श्री चौहान द्वारा जानकारी के आधार पर नोटरी पंजी से विलोपित करता है.

पंजी क्र. 2053-2024-इक्कीस-ब (दो).— राज्य शासन, एतद्द्वारा, तहसील पलेरा, जिला टीकमगढ़ में विभागीय आदेश दिनांक 15 फरवरी 2005 द्वारा नियुक्त नोटरी श्री पुरूषोत्तम दास गुप्ता एवं तहसील जतारा, जिला टीकमगढ़ में विभागीय आदेश दिनांक 29 जनवरी 2003 द्वारा नियुक्त नोटरी श्री राजेन्द्रसिंह पायक एवं तहसील पृथ्वीपुर, जिला टीकमगढ़ में विभागीय आदेश दिनांक 14 फरवरी 1996 द्वारा नियुक्त नोटरी श्री राजेन्द्र शेखर गुप्ता तथा जिला मुख्यालय, टीकमगढ़ में विभागीय आदेश दिनांक 13 दिसम्बर 2004 द्वारा नियुक्त नोटरी श्री सुभाष जैन का निधन होने के कारण उक्त नोटरीगणों का नाम शासन द्वारा संधारित नोटरी पंजी से विलोपित करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रवीण हजारे, अपर सचिव.

नगरीय विकास एवं आवास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 25 जुलाई 2024

सूचना

क्र. यूडीएच-3-0049-2024-अठारह-5.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 23 की उपधारा (5) की सहपठित धारा 19 की उपधारा (4) के अधीन एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राज्य सरकार द्वारा संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश की सूचना क्रमांक-1417-वि.यो.-इंदौर-उपांतरण-नग्रानि-2024, भोपाल, दिनांक 14 मार्च 2024 द्वारा प्रकाशित इंदौर विकास योजना 2021 में उपांतरण हेतु सूचना द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार इंदौर निवेश क्षेत्र के लिये विकास योजना 2021 में उपांतरण नीचे दी गई अनुसूची के अनुसार मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 धारा 23 (5) (एक) सहपठित धारा 19(1) में अनुमोदित किया गया है तथा योजना की प्रति का निम्नलिखित कार्यालयों में कार्यालय समय के दौरान निरीक्षण किया जा सकेगा, अर्थात् :—

1 आयुक्त, इंदौर संभाग, इंदौर, मध्यप्रदेश
2 कलेक्टर, जिला इंदौर, मध्यप्रदेश
3 आयुक्त, नगरपालिक निगम, इंदौर, मध्यप्रदेश
4 संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय, इंदौर, मध्यप्रदेश.

उपांतरणों का विवरण

इंदौर विकास योजना, 2021 के अध्याय-6 की कंडिका 6.3 के बिन्दु क्रमांक-25 के पश्चात् निम्नानुसार बिन्दु क्रमांक-26 स्थापित किया जाना प्रस्तावित है :—

(26) इंदौर विकास योजना में उपदर्शित 24.00 मीटर तथा उससे चौड़े मार्ग की सीमा से मार्ग चौड़ाई की दोगुनी गहराई तक के क्षेत्र को प्राप्ति क्षेत्र घोषित किया जाता है. इस प्राप्ति क्षेत्र में निर्धारित आवासीय, वाणिज्यिक, सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक तथा औद्योगिक भूमि उपयोगों में अधिकतम स्वीकार्य फर्शी क्षेत्रानुपात के अतिरिक्त 1:0.50 एफ. ए. आर. हस्तांतरणीय विकास अधिकार के माध्यम से स्वीकार्य होगा.

विकास योजना में किया गया उपांतरण मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 19 की उपधारा (5) के प्रावधान अनुसार राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवर्तित होगा.

सूचना

क्र. यूडीएच-3-0050-2024-अठारह-5.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 23 की उपधारा (5) की सहपठित धारा 19 की उपधारा (4) के अधीन एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राज्य सरकार द्वारा संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश की सूचना क्रमांक-1429-वि.यो.-उज्जैन-उपांतरण-नग्रानि-2024, भोपाल, दिनांक 14 मार्च 2024 द्वारा प्रकाशित उज्जैन विकास योजना 2035 में उपांतरण हेतु सूचना द्वारा अपेक्षित किये गये अनुसार उज्जैन निवेश क्षेत्र के लिये विकास योजना 2035 में उपांतरण नीचे दी गई अनुसूची के अनुसार मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 धारा 23 (5) (एक) सहपठित धारा 19(1) में अनुमोदित किया गया है तथा योजना की प्रति का निम्नलिखित कार्यालयों में कार्यालय समय के दौरान निरीक्षण किया जा सकेगा, अर्थात् :—

1 आयुक्त, उज्जैन संभाग, उज्जैन, मध्यप्रदेश
2 कलेक्टर, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश
3 आयुक्त, नगरपालिक निगम, उज्जैन, मध्यप्रदेश
4 संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय, उज्जैन, मध्यप्रदेश.

उपांतरणों का विवरण

उज्जैन विकास योजना, 2035 के अध्याय-6 की कंडिका 6.2 के बिन्दु क्रमांक-22 के पश्चात् निम्नानुसार बिन्दु क्रमांक-23 स्थापित किया जाना प्रस्तावित है :—

(23) उज्जैन विकास योजना में उपदर्शित 24.00 मीटर तथा उससे चौड़े मार्ग की सीमा से मार्ग चौड़ाई की दोगुनी गहराई तक के क्षेत्र को प्राप्ति क्षेत्र घोषित किया जाता है. इस प्राप्ति क्षेत्र में निर्धारित आवासीय, वाणिज्यिक, सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक तथा औद्योगिक भूमि उपयोगों में अधिकतम स्वीकार्य फर्शी क्षेत्रानुपात के अतिरिक्त 1:0.50 एफ. ए. आर. हस्तांतरणीय विकास अधिकार के माध्यम से स्वीकार्य होगा.

विकास योजना में किया गया उपांतरण मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 19 की उपधारा (5) के प्रावधान अनुसार राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवर्तित होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. कार्तिकेय, उपसचिव.

विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 जुलाई 2024

क्र. एस. एस. टी.-14-0025-2023-इकतालीस-2.—यत:, केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार के सभी कार्यालयों (जिनमें अधीनस्थ कार्यालय एवं शैक्षणिक संस्थान भी सम्मिलित हैं) में आधार सक्षम बायो-मीट्रिक उपस्थिति प्रणाली (ए ई बी ए एस) को कार्यान्वित करने का विनिश्चय किया गया है. राज्य सरकार के सभी अधीनस्थ कार्यालयों (शैक्षणिक संस्थान सहित) में आधार सक्षम बायो-मीट्रिक उपस्थिति प्रणाली (ए ई बी ए एस) स्थापित करने के लिए मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेगा. बायो-मीट्रिक उपस्थिति प्रणाली उपस्थिति दर्ज करने का माध्यम होगी. कार्यालय समय, देर से उपस्थिति आदि से संबंधित नियमों तथा विनियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जो कि पूर्वानुसार लागू रहेंगे;

2. और, यत:, ऐसे प्रयोजनों के लिए, भारत सरकार ने सुशासन के लिए आधार अधिप्रमाणन (समाज कल्याण, नवाचार, ज्ञान) नियमावली, 2020 विरचित किए हैं, जिसमें स्वैच्छिक आधार पर आधार अधिप्रमाणन के लिए प्रयोजन और स्वैच्छिक आधार पर आधार का उपयोग करने की अनुमति लेने के लिऐ अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया विहित की गई है;

3. अतएव, आधार (वित्तीय और अन्य सहायकियों, प्रसुविधाओं और सेवाओं का लक्ष्यित परिदान (अधिनियम, 2016 (2016 का 18) की धारा 4 की उपधारा (4) के खण्ड (ख) के उपखण्ड (दो) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, ऐसे प्रयोजनों के लिए, जैसा कि राज्य सरकार, प्राधिकरण के परामर्श से और राज्य के हित में, विहित करे, स्वैच्छिक आधार पर अधिप्रमाणन करने की, अनुज्ञा प्रदान की जाती है.

4. **आधार सक्षम बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली (ए ई बी ए एस).**—एईबीएएस में आधार अधिप्रमाणन स्वैच्छिक आधार पर है और उपयोगकर्ता संगठन उपस्थिति के वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराएंगे.

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम लिमिटेड उक्त अधिनियम, आधार (नामांकन एवं अद्यतन) विनियमन, 2016 के उपबंधों और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर जारी किए गए कार्यालय ज्ञापनों, परिपत्रों और दिशानिर्देशों का पालन करेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजीजा सरशार जफर, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 23 जुलाई 2024

क्र.SNT -14-0025-2023-इकतालीस-2.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक SNT -14-0025-2023-इकतालीस-2, दिनांक 23 जुलाई 2024 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजीजा सरशार जफर, उपसचिव.

Bhopal, the 23rd July 2024

No. SNT -14-0025-2023- XLI-2.—WHEREAS, it has been decided by the Government of India to implement Aadhaar Enabled Bio-metric Attendance System (AEBAS) in all the offices of the State Government (including sub-ordinate offices and educational institutions). Madhya Pradesh State Electronics Development Corporation, Department of Science and Technology, Government of Madhya Pradesh shall provide technical guidance for setting up Aadhaar Enabled Bio-metric Attendance System (AEBAS) in all sub-ordinate offices (including educational institutions) of the State Government. Bio-metric attendance system shall be the medium to record attendance. There has been no change in the rules and regulations related to office timings, late attendance etc, which shall remain in force as before;

2. AND WHEREAS, for such purposes, the Government of India has framed the Aadhaar Authentication for Good Governance (Social Welfare, Innovation Knowledge) Rules, 2020, wherein the purposes for Aadhaar Authentication on voluntary basis and process to be followed to seek permission to use Aadhaar on voluntary basis has been prescribed;

3. NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub clause (ii) of clause (b) of sub-section (4) of Section 4 of the Aadhaar (Targeted Delivery of Financial and Other Subsidies, Benefits and Services) Act, 2016 (18 of 2016) allows performing authentication on voluntary basis, for such purpose, as the State Government in consultation with the Authority and in the interest of the State, may prescribe.

4. **Aadhaar Enabled Bio-metric Attendance System (AEBAS).**—Aadhaar Authentication in AEBAS is on voluntary basis and user organizations shall provide alternate means of attendance.

Department of Science and Technology, Government of Madhya Pradesh and Madhya Pradesh State Electronics Development Corporation Limited shall comply with the provisions of the said Act, Aadhaar (Enrolment and Update) Regulations, 2016 and the Office Memorandums circulars and guidelines issued by Unique Identification Authority of India from time to time.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
AZIZA SARSHAR ZAFAR, Dy. Secy.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर एवं पंजीयक, लोक न्यास, जिला टीकमगढ़, मध्यप्रदेश

टीकमगढ़, दिनांक 21 जून 2024

क्र. तीन-ए-वित्त-स्था.-2024-361.—मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के परिपत्र क्रमांक 48-मु. स.-2022-धर्मस्व, दिनांक 29 सितम्बर 2022 में प्रसारित निर्देशों के अनुसरण में, मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 34 (क) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, अवधेश शर्मा, कलेक्टर एवं पंजीयक, लोक न्यास, जिला टीकमगढ़ (मध्यप्रदेश). ''पंजीयक लोक न्यास'' की शक्तियाँ राजस्व अनुविभाग, टीकमगढ़ की राजस्व सीमा के अंतर्गत उपयोग करने हेतु श्री संजय कुमार दुबे, अनुविभागीय अधिकारी / अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभाग टीकमगढ़ को प्रत्यायोजित करता हूँ.

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

क्र. तीन-ए-वित्त-स्था.-2024-362.—मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के परिपत्र क्रमांक 48-मु. स.-2022-धर्मस्व, दिनांक 29 सितम्बर 2022 में प्रसारित निर्देशों के अनुसरण में, मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 34 (क) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, अवधेश शर्मा, कलेक्टर एवं पंजीयक, लोक न्यास, जिला टीकमगढ़ (म. प्र.). ''पंजीयक लोक न्यास'' की शक्तियाँ राजस्व अनुविभाग, जतारा की राजस्व सीमा के अंतर्गत उपयोग करने हेतु श्री शैलेन्द्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी / अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभाग जतारा को प्रत्यायोजित करता हूँ.

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

क्र. तीन-ए-वित्त-स्था.-2024-363.—मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के परिपत्र क्रमांक 48-मु. स.-2022-धर्मस्व, दिनांक 29 सितम्बर 2022 में प्रसारित निर्देशों के अनुसरण में, मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 34 (क) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, अवधेश शर्मा, कलेक्टर एवं पंजीयक, लोक न्यास, जिला टीकमगढ़ (म. प्र.). ''पंजीयक लोक न्यास'' की शक्तियाँ राजस्व अनुविभाग, बल्देवगढ़ की राजस्व सीमा के अंतर्गत उपयोग करने हेतु श्रीमती भारती देवी मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी / अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभाग बल्देवगढ़ को प्रत्यायोजित करता हूँ.

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

अवधेश शर्मा, कलेक्टर एवं पंजीयक.

ऊर्जा विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 29 जुलाई 2024

क्रमांक एफ-3/02/2020/तेरह : जबकि आवेदक, मेसर्स एमपी पावर ट्रांसमिशन पैकेज-I लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय, द्वितीय तल, निर्यात भवन, राव तुलाराम मार्ग, वसंत विहार, आर्मी हॉस्पिटल के सामने एवं रेफरल, नई दिल्ली - 110057 टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रणाली (TBCB) के माध्यम से अंतरा-राज्य पारेषण प्रणाली अंतर्गत मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में ट्रांसमिशन प्रणाली के विकास हेतु 400/220/132 केव्ही लाईनों के निर्माण कार्य (संलग्न परिशिष्ट अनुसार) करने का इरादा रखता है।

2/ और जबकि, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग के आदेश क्रमांक एफ-3/02/2020/तेरह, दिनांक 13.01.2023 से संलग्न परिशिष्ट में उल्लेखित 400/220/132 केव्ही लाईनों के निर्माण हेतु विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 68 के तहत आवेदक, मेसर्स एमपी पावर ट्रांसमिशन पैकेज-I लिमिटेड को अनुमति प्रदान की गई है। उक्त प्रस्तावित शिरोपरि पारेषण लाईनें मध्यप्रदेश के 17 जिलों यथा - रायसेन, नर्मदापुरम, खरगोन, हरदा, सीहोर, अशोकनगर, गुना, भोपाल, बैतूल, राजगढ़, आगर-मालवा, उज्जैन, रतलाम, अलीराजपुर, देवास, धार, बुरहानपुर के ग्रामीण/ नगरीय/ शहरी क्षेत्रों के ऊपर/ आसपास/ मध्य से गुजरेंगी ।

3/ और अब जबकि आवेदक, मेसर्स एमपी पावर ट्रांसमिशन पैकेज-I लिमिटेड द्वारा टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रणाली (TBCB) के माध्यम से परिशिष्ट अनुसार 400/220/132 केव्ही पारेषण लाईनों के खंबे लगाने / लाईन बिछाने / निर्माण हेतु विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 164 के तहत टेलीग्राफ अथॉरिटी की शक्तियों को प्रदान करने का आवेदन किया गया है।

और जबकि आवेदक, मेसर्स एमपी पावर ट्रांसमिशन पैकेज-I लिमिटेड द्वारा परिशिष्ट अनुसार 400/220/132 केव्ही पारेषण लाईनों के निर्माण हेतु विद्युत

अधिनियम, 2003 की धारा 164 के तहत प्राधिकार प्राप्त करने की प्रक्रिया का अनुपालन कर लिया गया है।

4/ अतएव, प्राप्त आवेदन पर सावधानीपूर्वक विचारोपरांत राज्य शासन, एतद्द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 164 के अधीन आवेदक, मेसर्स एमपी पावर ट्रांसमिशन पैकेज-I लिमिटेड को संलग्न परिशिष्ट में उल्लेखित शिरोपरि पारेषण लाइनों की स्थापना हेतु निम्नलिखित निबंधन और शर्तों के अधीन वे सभी शक्तियां प्रदान करता है, जो टेलीग्राफ के उद्देश्य हेतु सरकार द्वारा स्थापित अथवा रख-रखाव किये गये अथवा इस प्रकार स्थापित या रख-रखाव किए जाने वाले लाइनों और खम्भों को लगाने के संबंध में भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के अंतर्गत टेलीग्राफ ॲथारिटी को प्राप्त हैं :-

(i) विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 164 के अंतर्गत प्रदत्त अनुमति केवल संलग्न परिशिष्ट में उल्लेखित अनुसार शिरोपरि पारेषण लाइनों के निर्माण के उद्देश्य मात्र के लिए सीमित रखा जाएगा एवं यह एक व्यापक प्राधिकार नहीं है।

(ii) उक्त अनुमोदन इस आदेश के जारी होने की तिथि से 25 (पच्चीस) वर्ष की प्रारंभिक अवधि हेतु प्रदान किया जाता है।

(iii) प्रदत्त शक्तियाँ भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 (1885 का 13) के प्रावधानों के अधीन है।

(iv) आवेदक को राज्य शासन के आदेश क्र. एफ-3/02/2020/तेरह दिनांक 13.01.2023 एवं शुद्धि पत्र क्र. एफ-3/02/2020/तेरह दिनांक 20.09.2023 द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 68 के तहत प्रदत्त अनुमति के नियम एवं शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

(v) आवेदक को पारेषण, संचालन एवं संधारण, ओपन एक्सेस आदि के बारे में समुचित आयोग द्वारा जारी सभी विनियमों / संहिताओं का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

(vi) आवेदक कंपनी द्वारा प्रस्तावित लाइनों का निर्माण विद्युत अधिनियम, 2003 एवं समय-समय पर यथा संशोधित एवं उसके अंतर्गत बनाये गये नियमों/विनियमों के प्रासंगिक प्रावधानों तथा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण

(सुरक्षा तथा विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय) विनियम, 2023, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत संयंत्रों और विद्युत लाइनों के निर्माण के लिए तकनीकी मानक) विनियम, 2022 और केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत संयंत्रों और विद्युत लाइनों का निर्माण, प्रचालन एवं अनुरक्षण के लिए सुरक्षा आवश्यकताएं) विनियम, 2022 के प्रावधानों के अधीन किया जाएगा।

(vii) आवेदक कंपनी अपने स्वयं के व्यय पर जिलाधिकारी, अन्य संबंधित विभागों और भूमि मालिकों से "राइट ऑफ वे" (आर.ओ.डब्लू.) की अनुमति प्राप्त करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(viii) पारेषण लाइनों के टावर बेस और आर.ओ.डब्लू. कॉरिडोर से संबंधित नुकसान के लिए सक्षम राजस्व प्राधिकारी द्वारा तय किए गए अनुसार भूमि मुआवजा आवेदक कंपनी द्वारा भूमि मालिकों को देय होगा।

(ix) प्रस्तावित शिरोपरि लाइनों के विद्यमान पारेषण लाइनों, राष्ट्रीय / राज्य राजमार्ग, नदी, रेलवे ट्रैक आदि के साथ क्रासिंग के मामले में आवेदक कंपनी, सक्षम प्राधिकरण की मंजूरी प्राप्त कर कार्य करेगी।

(x) यदि वन भूमि के ऊपर से लाइनें पास करने का प्रस्ताव है, तो आवेदक कंपनी वन क्षेत्र में काम शुरू करने के पूर्व वन विभाग से स्वीकृति प्राप्त करेगी। हालांकि लाइन बिछाने में वन क्षेत्र की संलिप्तता न होने की स्थिति में सक्षम वन प्राधिकारी से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्राप्त करने की आवश्यकता होगी।

(xi) यदि प्रस्तावित लाइनें दूरसंचार लाइनों या अनुज्ञप्तिधारियों की लाइनों के पास से गुजरती हैं, तो आवेदक कंपनी को सक्षम प्राधिकारियों से अनुमति लेनी होगी।

(xii) आवेदक कंपनी को विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 160 के प्रावधानों का अनुपालन करना होगा और केन्द्रीय पीटीसीसी द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार प्रस्तावित लाइनों को ऊर्जीकृत करने के पूर्व पीटीसीसी रूट अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

(xiii) प्रस्तावित लाइनों के निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात लाइनों को ऊर्जीकृत करने के पूर्व आवेदक कंपनी को अपने व्यय पर विद्युत निरीक्षक से अनुमति प्राप्त करनी होगी।

(xiv) प्रस्तावित लाइनों के निर्माण से, यदि व्यक्तिगत / सार्वजनिक संपत्ति को कोई नुकसान होता है, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियत क्षतिपूर्ति का भुगतान आवेदक कंपनी को करना होगा।

(xv) यदि आवेदक कंपनी की लाइनों पर किसी वैधानिक प्रावधान के अनुसार कोई शुल्क लगाया जाता है, तो यह आवेदक कंपनी द्वारा देय होगा।

(xvi) आवेदक कंपनी केन्द्र/राज्य सरकार की सभी प्रचलित एवं समय-समय पर संशोधित सांविधिक आवश्यकताओं का परिपालन सुनिश्चित करेगी।

(xvii) आवेदक कंपनी कार्य के दौरान दुर्घटना या अन्य किसी कारण से उसके तथा अन्य पक्ष के बीच के मामलों में विवादों/निपटान के आपराधिक और नागरिक दायित्व से राज्य सरकार को प्रतिरक्षित रखेगी।

(xviii) यह अनुमोदन, आवेदक द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुपालन के अधीन है। उपरोक्त नियमों एवं शर्तों में से किसी के उल्लंघन पर, यह अनुमति स्वत: रद्द हो जाएगी।

(xix) राज्य शासन एक माह का नोटिस देकर किसी भी समय यह अनुमोदन वापस ले सकती है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. गौड़, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी.

परिशिष्ट

टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से मप्र में अंतरा-राज्य पारेषण कार्यों का विकास: पैकेज - I

क्रमांक	पारेषण कार्य
1.	**400/220/132/33 के.व्ही. जीआईएस उपकेन्द्र मंडीदीप (जिला रायसेन)**
i	मंडीदीप जीआईएस 400 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये इटारसी (पीजीसीआईएल)- भोपाल 400 के.व्ही. लाइन के दोनों सर्किट का लिलो कार्य।
ii	मंडीदीप जीआईएस 400 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये होशंगाबाद- आदमपुर 220 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।
iii	मंडीदीप जीआईएस 400 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये मंडीदीप - भोपाल 220 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।
iv	मंडीदीप जीआईएस 400 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये मंडीदीप 132 - बगरोदा 132 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।
v	मंडीदीप जीआईएस 400 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये मंडीदीप 220 - एमएसीटी भोपाल 132 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।
2.	**220/132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र बिसौनीकलां (जिला होशंगाबाद)**
i	बिसौनीकलां 220 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये इटारसी - हान्डिया 220 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।
ii	बिसौनीकलां 220 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये सतपुड़ा - हान्डिया 220 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।
iii	बिसौनीकलां 220 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये सिवनी मालवा - हरदा 132 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।
3.	**220/132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र खरगोन (जिला खरगोन)**
i	खरगोन 220 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये छैगांव - जिमरानी 220 के.व्ही. लाइन के दोनों सर्किट का लिलो कार्य।
ii	खरगोन 220 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये खरगोन - जुलवानिया (तलकपुरा) 132 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।
iii	खरगोन 220 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये भीकनगांव - बिस्टान 132 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।
4.	**132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र सोडलपुर (जिला हरदा)**
i	बिसौनीकलां - सोडलपुर 132 के.व्ही. डीसीएसएस लाइन।
ii	सोडलपुर - सुलतानपुर 132 के.व्ही. डीसीएसएस लाइन।
5.	**132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र जावरजोड़ (जिला सिहोर)**
i	जावरजोड़ 132 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये आष्टा - सोनकच्छ 132 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।

क्रमांक	पारेषण कार्य
6.	**132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र पथारी (जिला रायसेन)**
i	गैरतगंज - पथारी 132 के.व्ही. डीसीडीएस लाइन।
7.	**132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र बाड़ी (जिला रायसेन)**
i	बरेली - बाड़ी 132 के.व्ही. डीसीएसएस लाइन।
ii	बाड़ी- शाहगंज 132 के.व्ही. डीसीएसएस लाइन।
8.	**132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र सेमराहाट (जिला गुना)**
i	अशोकनगर - सेमराहाट 132 के.व्ही. डीसीएसएस लाइन।
ii	सेमराहाट - आरोन 132 के.व्ही. डीसीएसएस लाइन।
9.	**132/33 के.व्ही. जीआईएस उपकेन्द्र एचओडी भोपाल (जिला भोपाल)**
i	मुगलियाछाप - एचओडी भोपाल 132 के.व्ही. डीसीडीएस लाइन।
10.	**220/33 के.व्ही. उपकेन्द्र शाहपुर (जिला बैतुल)**
i	शाहपुर 220/33 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये सतपुड़ा टीपीएस - इटारसी 220 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।
11.	**132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र छापीहेड़ा (जिला राजगढ)**
i	खुजनेर - छापीहेडा 132 के.व्ही. डीसीएसएस लाइन।
ii	छापीहेडा - नलखेडा 132 के.व्ही. डीसीएसएस लाइन।
12.	**132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र भाटपचलाना (जिला उज्जैन)**
i	भाटपचलाना 132 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये बडनगर - आरेंज बेरछा 132 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।
13.	**132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र ढोढर (जिला रतलाम)**
i	ढोढर 132 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये जावरा - दलोदा 132 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।
14.	**132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र पीपलगांव (जिला खरगोन)**
i	कसरावद - पीपलगांव 132 के.व्ही. डीसीडीएस लाइन।
15.	**132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र अंबाजा (जिला अलीराजपुर)**
i	अंबाजा 132 के.व्ही. उपकेन्द्र के लिये बडवानी - कुक्षी 132 के.व्ही. लाइन का लिलो कार्य।
16.	**132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र चौबाराधीरा (जिला देवास)**
i	सोनकच्छ - चौबाराधीरा 132 के.व्ही. डीसीएसएस लाइन।
17.	**132/33 के.व्ही. जीआईएस उपकेन्द्र पीथमपुर सेक्टर - III (जिला धार)**
i	पीथमुपर 220 - पीथमपुर सेक्टर-III 132 के.व्ही. डीसीडीएस लाइन।
18.	**प्रणाली सुदृढ़ीकरण कार्य (बुरहानपुर)**
i	बहादुरपुर - बड़गांव 132 के.व्ही. डीसीएसएस लाइन।

No. F-3-02-2020-13 Bhopal, the 29th July 2024

Whereas the Applicant, M/s MP Power Transmission Package-I Limited, with Registered Address at 2nd Floor, Niryat Bhawan, Rao Tularam Marg, Vasant Vihar, Opposite Army Hospital & Referral, New Delhi - 110057 intends to develop Intra-state transmission system, in different areas of Madhya Pradesh regarding construction of 400/220/132 KV lines as per enclosed Annexure under Tariff Based Competitive Bidding (TBCB) process.

2/ And whereas Government of Madhya Pradesh, Energy Department vide Order no. F-3/02/2020/13 dated 13.01.2023 has granted permission under Section 68 of the Electricity Act, 2003 to the Applicant, M/s MP Power Transmission Package-I Limited for laying/construction of 400/220/132 KV overhead lines in Madhya Pradesh as per Annexure. The above proposed Transmission lines shall pass through the area in 17 different districts of Madhya Pradesh i.e. Raisen, Narmadapuram, Khargone, Harda, Sehore, Ashoknagar, Guna, Bhopal, Betul, Rajgarh, Agar Malwa, Ujjain, Ratlam, Alirajpur, Dewas, Dhar, Burhanpur and line routes shall pass through over/around/between villages/towns/cities in the area.

3/ And whereas the Applicant, M/s MP Power Transmission Package-I Limited has requested to confer upon them the powers of Telegraph Authority under Section 164 of the Electricity Act, 2003 for placing supports and laying/construction of transmission lines under tariff based competitive bidding process, as per Annexure.

And whereas, the Applicant, M/s MP Power Transmission Package-I Limited has complied with the procedure for obtaining the authorisation under Section 164 of Electricity Act, 2003 for construction of 400/220/132 KV transmission lines as per Annexure.

4/ Now, therefore, after careful consideration State Government hereby confers under Section 164 of the Electricity Act, 2003 all the powers to the Applicant, M/s MP Power Transmission Package-I Limited which telegraph authority possesses under the Indian Telegraph Act, 1885 with respect to placing of telegraph lines and posts for the purposes of the telegraph established or maintained, by Government or to be established or maintained for installation of overhead transmission lines as mentioned in the Annexure on the following terms and conditions:-

(i) The permission accorded under Section 164 of the Electricity Act, 2003 shall be limited up to laying/construction of the overhead transmission lines as mentioned in Annexure, only for the purpose specified as above and this is not a general authorization.

(ii) The above approval is granted for an initial period of 25 (Twenty five) years from the date of issue of this order.

(iii) The powers conferred are subject to the provisions of Indian Telegraph Act, 1885 (13 of 1885).

(iv) The applicant shall have to ensure compliance of all terms and conditions of permission granted under Section 68 of Electricity Act, 2003 by the State Government vide Order No. F-3/02/2020/13, dated 13.01.2023 & corrigendum vide Order No. F-3/02/2020/12, dated 20.09.2023.

(v) The applicant shall have to ensure compliance of all regulations/codes issued by appropriate commission regarding transmission, operation & maintenance, open access etc.

(vi) The construction of proposed lines will be done by the Applicant Company as per relevant provisions of the Electricity Act-2003 as amended from time to time and rules & regulations framed thereunder and CEA (Measures relating to Safety & Electricity Supply) Regulations 2023, CEA (Technical Standards for construction of Electrical Plants and

Electric Lines) Regulation 2022 and CEA (Safety Requirements for construction, operation and maintenance of Electrical Plants and Electric Lines) Regulation 2022 & amendments thereof.

(vii) The applicant Company shall be responsible to obtain "Right of Way" (RoW) clearance from District Magistrate, concerned departments and land owners at its own cost.

(viii) The land compensations towards damages in regard to tower base & ROW corridor for transmission lines will be payable by the Applicant Company to the land owners as decided by the competent revenue authority/s.

(ix) In case of crossing of the proposed overhead line with existing Transmission lines, National / State highway, river, railway track, the Applicant Company shall take over the work after approval of the Competent Authority/s.

(x) In case the lines are proposed to pass over forest lands, the Applicant Company will obtain forest clearance before commencement of work in the forest area. However, 'No Objection Certificate' of competent forest authority shall be required in case of non-involvement of forest land with laying of the line.

(xi) In case the proposed lines pass near to the telecom lines or the lines of licensees, the Applicant Company shall be required to take permission from the Competent Authorities.

(xii) The Applicant Company shall have to comply with the provisions of Section 160 of the Electricity Act 2003 and the PTCC route approval shall have to be obtained in accordance with norms laid down by the Central PTCC before the proposed line is energized/charged.

(xiii) On completion of construction work of the proposed lines, the Applicant Company shall have to obtain permission from the Electrical Inspector, before charging the lines, at its own cost.

(xiv) If there is any damage to personal/public property during construction of proposed lines, Applicant Company shall have to pay compensation as determined by the Competent Authority/s.

(xv) If any charges are levied on the lines of the Applicant Company as per any statutory provision, the same shall be payable by the Applicant Company.

(xvi) The Applicant Company shall comply to all the statutory requirements of Central /State Govt. prevailing and as amended from time to time.

(xvii) The Applicant Company shall indemnify the State Govt. from criminal and civil liability for settlement of disputes in the matter between it and other party due to accident or any other reason during the work.

(xviii)The approval is subject to compliance of the provisions of the Electricity Act, 2003 and the rules made there under, by the applicant. On violation of any of the above-mentioned terms / conditions, the permission shall automatically stand CANCELLED.

(xix) The State Government may withdraw this approval any time after giving one-month notice.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
V. K. GAUR, Officer on Special Duty.

Annexure

Development of Intra-State Transmission Work in M.P. through Tariff Based Competitive Bidding: PACKAGE – I

S.No.	Transmission Elements
1	**400/220/132/33 KV GIS Substation at Mandideep (District-Raisen)**
i	LILO of both circuits of Itarsi (PGCIL) – Bhopal 400 KV line at Mandideep GIS 400 KV S/s
ii	LILO of Hoshangabad – Adampur 220 KV line at Mandideep GIS 400 KV S/s
iii	LILO of Mandideep – Bhopal 220 KV line at Mandideep GIS 400 KV S/s
iv	LILO of Mandideep132 – Bagroda 132 KV line at Mandideep GIS 400 KV S/s
v	LILO of Mandideep 220 – MACT Bhopal 132 KV line at Mandideep GIS 400 KV S/s
2	**220/132/33 KV substation Bisonikala (District-Hoshangabad)**
i	LILO of Itarsi – Handiya 220 KV line at Bisonikala 220 KV S/s
ii	LILO of Satpura – Handiya 220 KV line at Bisonikala 220 KV S/s
iii	LILO of Seonimalwa – Harda 132 KV line at Bisonikala 220KV S/s
3	**220/132/33 KV Substation at Khargone (District-Khargone)**
i	LILO of both circuits of Chhegaon – Nimrani 220 KV line at Khargone 220 KV S/s
ii	LILO of Khargone – Julwaniya (Talakpura) 132 KV line at Khargone 220 KV S/s
iii	LILO of Bhikangaon – Bistan 132 KV line at Khargone 220 KV S/s
4	**132/33 KV substation at Sodalpur (District-Harda)**
i	Bisonikala – Sodalpur132KV DCSS line.
ii	Sodalpur – Sultanpur 132 KV DCSS line.
5	**132/33 KV substation at Jawarjod (District-Sehore)**
i	LILO of Ashta – Sonkatch 132 KV line at Jawarjod 132 KV S/s
6	**132/33 KV substation at Pathari (District-Raisen)**
i	Gairatganj – Pathari 132 KV DCDS line
7	**132/33KV substation at Badi (District-Raisen)**
i	Bareli – Badi132KV DCSS line
ii	Badi – Shahganj132KV DCSS line
8	**132/33KV substation at Semrahat (District-Guna)**
i	Ashoknagar – Semrahat 132 KV DCSS line
ii	Semrahat – Aron 132KV DCSS line

S.No.	Transmission Elements
9	**132/33 KV GIS substation at HOD Bhopal (District-Bhopal)**
i	Mugaliya Chhap – HOD Bhopal 132KV DCDS line
10	**220/33KV substation at Shahpur (District-Betul)**
i	LILO of Satpura TPS – Itarsi 220 KV line at Shahpur 220/33KV S/s
11	**132/33 KV substation at Chhapiheda (District-Rajgarh)**
i	Khujner – Chhapiheda 132KV DCSS line
ii	Chhapiheda – Nalkheda 132KV DCSS line
12	**132/33 KV substation Bhatpachlana (District-Ujjain)**
i	LILO of Badnagar – Orange Berchha 132KV DCSS line at Bhatpachlana 132KV S/s
13	**132/33KV substation at Dhodhar (District-Ratlam)**
i	LILO of Jaora – Daloda 132KV line at Dhodhar 132KV S/s
14	**132/33KV substation at Pipalgaon (District-Khargone)**
i	Kasrawad – Pipalgaon 132KV DCDS line
15	**132/33KV substation at Ambaja (District-Alirajpur)**
i	LILO of Barwani – Kukshi 132KV line at Ambaja 132KV S/s
16	**132/33KV substation at ChoubaraDheera (District-Dewas)**
i	Sonkatch – ChoubaraDheera 132KV DCSS line
17	**132/33KV GIS substation at Pithampur Sector-III (District-Dhar)**
i	Pithampur220 – Pithampur Sector-III 132KV DCDS line
18	**System Strengthening Works (Burhanpur)**
i	Bahadurpur – Badgaon 132KV DCSS line

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 23 जुलाई 2024

क्रमांक/1394/आर–2134594/2024/10–3 :: भारतीय वन अधिनियम 1927 (क्रमांक 16 सन 1927) की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद, द्वारा अधिनियम के अध्याय 4 के प्रावधान/उपबन्धों को नीचे की अनुसूची में उल्लेखित भूमि पर लागू होने की घोषणा इस शर्त पर करता है कि इस भूमि पर व्यक्तियों या समुदायों के वर्तमान अधिकार जहॉ तक कि वे राज्य शासन द्वारा समय–समय पर संशोधित/रुपभेदित किये जायें, के अतिरिक्त किसी भी रीति में न्यूनीकृत या प्रभावित नही किये जायेंगे। यह वनखण्ड N 22°16'55.822" से N 22°17'12.849" उत्तर अक्षांश तथा E 78°42'35.643" से E 78°42'57.574" पूर्व देक्षांश के बीच स्थित है।

अनुसूची

जिला :– बालाघाट **तहसील :– किरनापुर**

वनमण्डल :– दक्षिण बालाघाट **वन परिक्षेत्र :– हट्टा**

अ. क्र.	वनखण्ड की भूमि का विवरण					वनखण्ड की सीमायें
	वनखण्ड का नाम	ग्राम का नाम	भूमि का वर्तमान मद	खसरा क्रमांक	क्षेत्रफल (हेक्टेयर)	
1	2	3	4	5	6	7
1	कुआंगोदी 'अ'	कुआंगोदी	शासकीय भूमि पहाड़ सरकार	3/1/2	33.453	उत्तर – आरक्षित वनखण्ड कुंआगोंदी के कक्ष क्रमांक 182 के मुनारा क्रमाक 47/7 से मुनारा क्रमांक 5 तक की वनसीमा। पूर्व – आरक्षित वनखण्ड कुंआगोंदी के कक्ष क्रमांक 182 के मुनारा क्रमांक 5 से प्रस्तावित वनखण्ड के मुनारा क्रमांक 1 तक और मुनारा क्रमांक 1 से 5 तक कृत्रिम वन सीमा एवं मुनारा क्रमांक 5 से आरक्षित वनखण्ड राजाडेरा उत्तर के कक्ष क्रमांक 187 के प्राकृतिक नाला सीमा तक। दक्षिण – आरक्षित वनखण्ड राजाडेरा उत्तर के कक्ष क्रमांक 187 की उत्तर वन सीमा लाइन प्राकृतिक नाला सीमा। पश्चिम – आरक्षित वनखण्ड नीला के कक्ष क्रमांक 183 की पूर्वी वन सीमा लाईन पर प्राकृतिक नाला से मुनारा क्रमांक 51 तक और मुनारा क्रमांक 51 से 48 तक एवं मुनारा क्रमांक 48 से आरक्षित वनखण्ड कुआंगोंदी के कक्ष क्रमांक 182 के मुनारा क्रमांक 47/7 तक की वनसीमा।
				कुल योग	33.453	

(क) अधिसूचना प्रकाशन का आधार :–

1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भोपाल के पत्र दिनांक 19.02.2024 एवं मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक/624/आर–1360585/2023/10–3 दिनांक 21.03.2024 में अधिरोपित शर्त के अनुसार आवेदक विभाग/संस्थान– महाप्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक–1, 2 बालाघाट, जिला बालाघाट की स्वीकृत परियोजना (05 सड़क निर्माण कार्य के प्रस्ताव (1) दुल्हापुर, हल्बीटोला, सतीटोला से पौसेरा तक, प्रकरण क्रमांक FP/MP/Road/407719/2022 में प्रभावित वन भूमि कुल रकबा 4.419 हे0 (2) लोढामा से टाटीधर, व्हाया मुण्डीदादर, मडियापार, घाघराटोला तक, प्रकरण क्रमांक FP/MP/Road/410133/2022 में प्रभावित वन भूमि कुल रकबा 12.150 हे0 (3) सुपखार–पटवा–छतरपुर तक, प्रकरण क्रमांक FP/MP/Road/156158/2022 में प्रभावित वन भूमि कुल रकबा 9.408 हे0 (4) बंधनखेरो–देवगांव–सरईपतेरा–अकलपुर–जैरासी तक, प्रकरण क्रमांक (Old) FP/MP/Road/156152/2022, (New) FP/MP/Road/459912/2024 में प्रभावित वन भूमि कुल रकबा 4.872 हे0 (5) मालूमझोला से हतबन व्हाया बंधनखेरो तक, प्रकरण क्रमांक (Old) FP/MP/Road/156134/2022, (New) FP/MP/Road/458979/2024 में प्रभावित वन भूमि कुल रकबा 2.604 हे0) में प्रभावित 33.453 हे0 वनभूमि के एवज में प्राप्त कुल 33.453 हेक्टेयर गैर वनभूमि में से उपरोक्त वर्णित भूमि 33.453 हेक्टेयर को क्षतिपूर्ति वनीकरण के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के पक्ष में कलेक्टर बालाघाट, के आदेश क्रमांक/रा.प्र.क्र./0002/अ–59 वर्ष 23–24 दिनांक 23.05.2023 से हस्तांतरित अथवा नामांतरित किये जाने के कारण।

2. अन्य कारणों का विवरण – निरंक

(ख) उपरोक्त भूमि पर सक्षम राजस्व अधिकारी तहसीलदार किरनापुर, जिला बालाघाट के प्रमाण–पत्र के आधार पर अभिलेखित अधिकारों का खसरावार विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

1. व्यक्तिगत अधिकार :– उपरोक्त वर्णित भूमि पर कोई व्यक्तिगत अधिकार नहीं है।
2. सामुदायिक अधिकार :– उपरोक्त वर्णित भूमि पर कोई सामुदायिक अधिकारी नहीं है।

अतः उक्त भूमि को भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 29 के अंतर्गत संरक्षित वन घोषित किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

अतुल कुमार मिश्रा, सचिव.

भोपाल, दिनांक 23 जुलाई 2024

क्र. 1394–आर–2134594–2024–दस–3.– भारत के संविधान के अनुच्छेद 340 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्र. 1394–आर–2134594–2024–दस–3, दिनांक 23 जुलाई 2024 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

अतुल कुमार मिश्रा, सचिव.

Bhopal, the 23rd July 2024

No./ /R-2134669/2024/10-3 :: In exercise of the powers conferred by section 29 of the Indian Forest Act 1927, (XVI of 1927) the State Government is pleased to declare the provisions of chapter IV of the said Act applicable to the forest areas, specified in the schedule below, subject to the condition that the existing rights of individuals or communities in such forests shall not be abridged or affected in any manner except in so for as they may be modified by that State Government from time to time. This forest blocks lies between N 21°48'59.97" to N 21°49'22.88" North Latitude and E 80°24'43.86" to E 80°25'22.17" East Longitude.

SCHEDULE

District - Balaghat **Tahsil - Kirnapur**
Forest Division - South Balaghat **Forest Range - Hatta**

S.N.	Details of Land included					Forest Block Boundaries
	Name of Forest Black	Name of Village	Present head of Land	Khasara No.	Area (Hectare)	
1	2	3	4	5	6	7
1	Kuagondi 'A'	Kuagondi	Government Land Pahad Sarkar	3/1/2	33.453	North – Forest boundary from Pillar No. 47/7 to 5 of compartment no. 182 of Kuagondi Reserve forest block. East - From Pillar No. 5 of compartment no. 182 of Kuagondi reserved forest block to Pillar 1 of proposed forest block and artificial forest boundary from Pillar no. 1 to 5 and from Pillar no. 5 to natural Nala boundary of compartment no. 187 of Rajadera North reserved forest block. South - Northern forest boundary line of compartment no. 187 of reserved forest block Rajadera North natural Nala boundary. west - From natural Nala on eastern forest boundary line of compartment no. 183 of Neela reserved forest block to Pillar no. 51 and from Pillar no. 51 to 48 and from Pillar no. 48 to Pillar no. 47/7 of compartment no. 182 of Kuagondi reserved forest block.
				Total	33.453	

(A) Reason for Publication of Notification :-

1. In accordance with the condition laid down in the Ministry of Environment, Forest & Climate Change, Govt. of India's letter dated 19-02-2024, and Madhya Pradesh Govt. order No./624/आर-1360585/2023/10-3 date 21-03-2024 in lieu of 33.453 hectare of affected forest land under the sanctioned project (05 Proposals for road construction works respectively (1) Dulhapur, Halbitola, Satitola to Pausera proposal No. FP/MP/Road/407719/2022 area 4.419 ha. (2) Lodama to Tatidhar Via Mundidadar, Madiyapar, Ghaghratola proposal No. FP/MP/Road/410133/2022 area 12.150 ha. (3) Supkhar-Patwa-Chhatarpur proposal No. FP/MP/Road/156158/2022 area 9.408 ha. (4) Bandhankher-Devgaon-Saraipatera-Akalpur-Jairasi proposal No. (Old) FP/MP/Road/156152/2022, (New) FP/MP/Road/459912/2024 area 4.872 ha. (5) Malumjhola to Hatban Via Bandhankhero proposal No. (Old) FP/MP/Road/156134/2022, (New) FP/MP/Road/458979/2024 area 2.604 ha.) of user agency- General Manager, M.P.R.R.D.A., PIU-1, 2 Balaghat, Distt. Balaghat, the above mentioned Non Forest Land of 33.453 hectare transferred or mutated in favour of Madhya Pradesh Govt., Forest Department by order No./0002/A-59 year 23-24 dated 23.05.2023 of Collector Balaghat for the purpose of compensatory afforestation.

2. Detail of other Reasons – Nil

(B) The Khasra Wise details of recorded right on the above land as per report (certificated) of Tashildar Kirnapur, District Balaghat are as under.

1. Individuals Rights :- There are no individuals Rights on the said land.
2. Communities Rights :- There are no Communities Rights on the said land.

Therefore, the above land is declared as protected forest under section 29 of Indian Forest Act 1927.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
ATUL KUMAR MISHRA, Secy.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

छिन्दवाड़ा, दिनांक 30 जुलाई 2024

क्र. 4490-भू-अर्जन-2024.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में उल्लेखित वर्णित भूमि के, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतएव, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, एतद्द्वारा, सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकृत अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11 में दी गई शक्तियों को प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है.

2. मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के आदेश पत्र क्रमांक 22 (ए) 381-2019-एम.पी.एस.-इकतीस-221, भोपाल, दिनांक 2 मार्च 2019 के द्वारा योजना के प्राक्कलन की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त है.

3. अतएव, उपरोक्त के दृष्टिगत आवेदक विभाग द्वारा "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 6 (2) के अन्तर्गत "सिंचाई परियोजनाओं की बाबत् जहां तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण के उपबंध लागू नहीं होंगे." अतः अधिनियम की धारा 6 के अन्तर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन से छूट प्रदान की जाकर अधिनियम की धारा 11(3) के अन्तर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नहीं किया जा रहा है.

4. इस संबंध में राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उपरोक्त भूमि के अधिग्रहण किये जाने के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 15 के उपबंध उक्त भूमियों के संबंध में लागू होंगे:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
छिन्दवाड़ा	जुन्नारदेव	ग्राम-हिरदागढ़ प.ह.नं.-33 बं.नं.-601 रा.नि.मं.-जुन्नारदेव.	रकबा-70.000 हेक्टेयर एवं उपरोक्त भूमि पर आने वाली परिसंपत्तियां.	भू-अर्जन अधिकारी, तहसील-जुन्नारदेव, जिला-छिन्दवाड़ा.	छिन्दवाड़ा सिंचाई काम्पलेक्स परियोजना के अंतर्गत संगम-1 बांध निर्माण हेतु निजी भूमि अधिग्रहण किये जाने के संबंध में.

(2) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई व्यक्ति अधिसूचना प्रकाशन की जानकारी वेबसाईट www.chhindwara.nic.in एवं मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग, भोपाल की वेबसाईट http://www.mprevenue.nic.in/ पर भी देखा जा सकता है.

(3) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, कार्यालय, कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा), छिन्दवाड़ा, जिला छिन्दवाड़ा के न्यायालय में कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है.

(4) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील जुन्नारदेव, जिला छिन्दवाड़ा (म. प्र.) के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है.

(5) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शे (प्लान) एवं प्रकरण का निरीक्षण, कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, छिन्दवाड़ा, जिला छिन्दवाड़ा के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है.

(6) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शे (प्लान) एवं प्रकरण का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी, जल संसाधन उपसंभाग, तामिया, जिला छिन्दवाड़ा के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है.

(7) अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितबद्ध कोई व्यक्ति अधिसूचना प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर भू-अर्जन किये जाने के संबंध में आक्षेप लिखित रूप से कलेक्टर, छिन्दवाड़ा के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है.

क्र. 4491-भू-अर्जन-2024.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में उल्लेखित वर्णित भूमि के, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतएव, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, एतद्द्वारा, सभी संबंधित हितबद्ध व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकृत अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में, भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11 में दी गई शक्तियों को प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है.

2. मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के आदेश पत्र क्रमांक 22 (ए) 381-2019-एम.पी.एस.-इकतीस-221, भोपाल, दिनांक 2 मार्च 2019 के द्वारा योजना के प्राक्कलन की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त है.

3. अतएव, उपरोक्त के दृष्टिगत आवेदक विभाग द्वारा ''भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 6 (2) के अन्तर्गत ''सिंचाई परियोजनाओं की बाबत् जहां तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अधीन पर्यावरणीय समाघात निर्धारण की प्रक्रिया की अपेक्षा की जाती है, इस अधिनियम के सामाजिक समाघात निर्धारण के उपबंध लागू नहीं होंगे.'' अत: अधिनियम की धारा 6 के अन्तर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन से छूट प्रदान की जाकर अधिनियम की धारा 11(3) के अन्तर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट का सारांश प्रकाशित नहीं किया जा रहा है.

4. इस संबंध में राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उपरोक्त भूमि के अधिग्रहण किये जाने के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 15 के उपबंध उक्त भूमियों के संबंध में लागू होंगे:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी	अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि के सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	अर्जित की जाने वाली प्रस्तावित भूमि लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
